प्रभात प्रकाशन का 73वां साल
स्थापित 1944

प्रभात

सीधी बात-सच्ची बात

**प्रभात लखनऊ, 29 जून 2017 दिन गुरुवार, पृष्ट 03**

# प्रो.भरत राज सिंह ने बनाया अनोखा जैक



तकनीकी शिक्षा मंत्री आशुतोष टंडन को जैक दिखाते प्रो. बी.आर. सिंह

लखनऊ। प्रभात

वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रो. भरत राज सिंह, जो वर्तमान में स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ में महानिदेशक के पद पर कार्यरत हैं, ने एक विशिष्ट प्रकार का शोध करके एक अनोखे जैक का निर्माण किया है जो कार के एग्जॉस्ट गैस से चलता है। इस जैक की क्षमता एक पहिये पर 500 किलोग्राम तक उठाने की है और जमीन या पटरा के तल से 10.11 इंच तक उठा लेता है। यह उपकरण केवल 7.8 किलोग्राम का है जो बिना ड्राइवर के चलने वाले पुरुष व महिला चालकों के लिए अत्यंत उपयोगी सिद्ध होगा। प्रदेश के तकनीकी शिक्षा मंत्री आशुतोष टंडन (गोपाल जी) ने स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज, लखनऊ के भ्रमण के दौरान इस अनोखे जैक तथा विशिष्ट शोध से तैयार किये गए उपकरणों का अवलोकन किया और इसके लिए प्रो. सिंह व उनके छात्रों की भूरी-भूरी प्रशंसा की। प्रो. भरत राज सिंह इसकी नोवेलिटी अभी नहीं बता रहे हैं क्योंकि इसके पेटेंट के लिए एप्लीकेशन एडमिट की जा रही है। उल्लेखनीय है कि एसएमएस के वैज्ञानिक प्रो. भरत राज सिंह ने इससे पहले एयरोबाइक का निर्माण किया था जो हवा से चलती है।